संविदा कर्मियों की बहाली पर मिठाई बांटते यूकेडी नेता व संविदा कर्मी।




# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस सेवादल ने किया दीपावली मिलन समारोह

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश कांग्रेस सेवादल ने शिविर कार्यालय टर्नर रोड पर दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिसमें क्षेत्र वासियों के साथ कांग्रेस सेवा दल के पदाधिकारियों ने प्रतिज्ञा ली की वायु प्रदूषण ,ध्वनि प्रदूषण रहित दीपावली मनाएंगे। इस अवसर पर प्रदेश सचिव पीयूष गौड ने कहा कि दीपावली खुशियों का त्यौहार है इसे सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर पीयूष गौड़ ने कहा कि बम, पटाखे, फुलझड़ी आदि से दूर रहे जो आम मानस के लिए खतरनाक है।

### पूर्व प्रमुख प्रताप सिंह गुसांई के निधन पर प्रीतम सिंह ने जताया शोक

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता पूर्व प्रमुख प्रताप सिंह गुसांई के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है।
यहां जारी अपने शोक संदेश में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने स्वर्गीय प्रताप सिंह गुसांई को कांग्रेस पार्टी का वरिष्ठ एवं कर्मठ कार्यकर्ता बताते हुए उनके निधन को पार्टी के लिए अपूर्णीय क्षति बताया। प्रीतम सिह ने कहा कि स्वर्गीय प्रताप गुसांई ने प्रमुख के रूप में क्षेत्र के विकास एवं कांग्रेस कार्यकर्ता के रूप में अपना अक्षुण योगदान दिया उनके निधन से जो स्थान रिक्त हुआ है उसकी पूर्ति कभी नहीं हो सकती है वे कांग्रेसजनों के दिलों में सदैव जीवित रहेंगे।

### एबीवीपी के राष्ट्रीय मंत्री अनिकेत ओव्हाल के निधन पर अर्पित की श्रद्धांजलि

**संवाददाता** देहरादून। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के डीएवी कालेज इकाई के तत्वावधान में परिषद के राष्ट्रीय मंत्री स्वर्गीय अनिकेत ओव्हाल का महाराष्ट्र के नटुरवार जिले की हाडगांव तहसील में नदी में डूबने से निधन होने पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### विधानसभा अध्यक्ष ने प्रदेशवासियों को धनतेरस पर्व की बधाई दी

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने प्रदेशवासियों को धनतेरस पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।
विधानसभा अध्यक्ष ने धनतेरस पर अपने बधाई संदेश में कहा है कि धनतेरस से दीपावली पर्व की शुरुआत हो जाती है। इस दिन धन, समृद्धि और ऐश्वर्य के लिए धन के देवता कुबेर के साथ भगवान धन्वंतरि की पूजा की जाती है।
अग्रवाल ने धनतेरस पर प्रदेशवासियों के जीवन में सुख, समृद्धि की कामना करते हुए कहा कि धनतेरस का त्यौहार सबके जीवन में खुशहाली और आरोग्य लेकर आए।

# राज्य ने एक ऊर्जावान और दूरदर्शी नेता खो दिया हैः सीएम

**शोक**

■विधायक सुरेंद्र सिंह जीना के आकस्मिक निधन पर सीएम भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और विस अध्यक्ष ने व्यक्त किया शोक

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और विधानसभा अध्यक्ष ने सल्ट विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के विधायक सुरेंद्र सिंह जीना के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्ह्होंने कहा आज हमने राजनीति एवं समाज की सेवा में अग्रणी रहने वाले एक धरोहर को खो दिया है। व्यक्तित्व के धनी एवं विधायी कार्यवाही के जानकार सुरेंद्र सिंह जीना के निधन की खबर सुनकर शोक स्तब्ध हैं।

मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने सल्ट विधायक सुरेंद्र सिंह जीना के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य ने एक ऊर्जावान और दूरदर्शी नेता खो दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में उनकी पत्नी के निधन पर मैं उनसे उनके आवास पर मिला था। उनकी गणना हमेशा सक्रिय रहने वाले विधायकों में थी। वह वंचित वर्गों की आवाज मुखर करने वाले तथा अपने विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए सतत संघर्षरत रहने वाले जनसेवक थे। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है तथा शोक संतप्त परिवारजनों को इस दुख की इस घड़ी में धैर्य प्रदान करने की कामना की है।

सुरेंद्र सिंह जीना सदन में क्षेत्र एवं समाज के हितों के लिए अपनी आवाज करते थे बुलंदः विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि कुछ दिन पहले ही उनकी पत्नी नेहा जीना इस संसार को छोड़कर चली गई थी। तब से लेकर वह खुद बीमार चल रहे थे। उन्होंने कहा कि वह सदन में क्षेत्र एवं समाज के हितों के लिए अपनी आवाज बुलंद करते थे। वह पक्ष एवं विपक्ष दोनों के लिए ही एक प्रिय नेता थे। अग्रवाल ने कहा कि संसदीय प्रक्रिया के गहन जानकार और हमेशा लोक महत्व के अविलंबनीय मुद्दों को सदन में उठाने वाले एक सजग प्रहरी का निधन उत्तराखंड के लिए अपूरणीय क्षति है। उनकी बेदाग छवि, हंसमुख मुस्कान एव समाज के लिए कुछ कर गुजरने का जज्बा हमारे लिए हमेशा प्रेरणा स्रोत का कार्य करेगा। विधानसभा अध्यक्ष ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं उनके स्वजनों को इस असीम दुख को सहने के लिए शक्ति प्रदान करने के लिए भगवान से प्रार्थना की है।

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भगत ने जताया शोक**

अल्मोड़ा के सल्ट से भाजपा विधायक सुरेंद्र सिंह जीना के निधन पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बंशी धर भगत ने गहरा शोक व्यक्त किया है। भगत ने कहा कि स्व जीना हमारे युवा, ऊर्जावान व योग्य कार्यकर्त्ता व विधायक थे और हमेशा संगठन व जनहित में सक्रिय रहते थे। वे एक शालीन व्यक्ति थे और वे हर वर्ग में लोकप्रिय थे। उनके निधन से पार्टी व समाज को अपूर्णनीय क्षति हुई है। उन्होंने कहा कि ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे व उनके परिवार को यह असीम दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करे। हाल में उनकी पत्नी का निधन हुआ था और अब उनके निधन से परिवार पर अवर्णनीय दुःख आ पड़ा है। ईश्वर यह दोहरा दुःख सहन करने की शक्ति परिवार को दे। भगत ने कहा कि वे व्यक्तिगत रूप से भी और पूरी पार्टी इस दुःख की घड़ी में परिवार के साथ है।



### कांग्रेस ने विधायक सुरेन्द्र सिंह जीना के निधन पर जताया शोक

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने सल्ट विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक सुरेन्द्र सिंह जीना के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है।

शोक संदेश में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने सुरेन्द्र सिह जीना के निधन को उत्तराखण्ड की राजनीति के लिए अपूर्णीय क्षति बताया है। प्रीतम सिह ने कहा कि स्वर्गीय सुरेन्द्र सिंह जीना ने सल्ट क्षेत्र के विधायक के रूप में क्षेत्र के विकास में जो योगदान दिया है उसके लिए वे सदैव याद किये जाते रहेंगे। उनके निधन से उत्तराखण्ड की राजनीति में जो स्थान रिक्त हुआ है और उसकी पूर्ति कभी नहीं हो सकती है।

इस अवसर पर शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना देते हुए उन्होने कहा कि पूरा कांग्रेस परिवार इस दुःख की घडी में उनके साथ है, तथा शोक संतप्त परिजनों को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति देवें। इस अवसर पर सुरेन्द्र सिंह जीना के आकस्मिक निधन पर उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस महामंत्री संगठन विजय सारस्वत, प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्यकान्त धस्माना, आदि ने भी शोक प्रकट करते हुए उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

# 'आप' ने किया संगठन का विस्तार

**विस्तार**

■ पांच नए प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए गए

देहरादून। **संवाददाता**



आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी दिनेश मोहनिया ने कहा है कि संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए पहले चरण में संगठन का विस्तार किया गया है। पार्टी के प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने धनतेरस के अवसर पर अपनी पहली कार्यकारिणी का गठन कर दिया है। उन्होंने कहा कि आज पहली कार्यकारिणी गठित की गई है जिसे 2022 के चुनाव की तैयारी के रूप में देखा जा सकता है।

इस अवसर पर आप प्रभारी ने कहा कि सभी वर्गों का ध्यान रखते हुए पार्टी ने पहली कार्यकारिणी को गठित किया है। नई कार्यकारिणी में प्रदेश अध्यक्ष को यथावत रखते हुए पांच नए प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि यूथ और इंटेलेक्चुअल विंग भी पार्टी ने गठित किया है जो ज्यादा से ज्यादा युवाओं को पार्टी से जोड़ने का काम करेंगे। प्रदेश प्रभारी ने बताया कि आम आदमी पार्टी में जो भी सदस्यता लेगा उसे थ्री सी का कांसेप्ट फॉलो करना ही पड़ेगा। उन्होंने कहा कि वह करप्ट, क्रिमिनल, कम्युनल नहीं होना चाहिए। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री डा. हरक सिंह रावत के मामले में पार्टी ने साफ कर दिया है कि जब तक कोई भी चीज ऑफिशल नहीं होती तब तक कयास लगाना गलत है। उन्होंने कहा कि अभी इस ओर किसी भी प्रकार की कोई बातचीत नहीं हुई है। इस अवसर पर प्रभारी ने कहा कि यह संगठन के गठन की शुरुआत है और आगे भी संगठन को मजबूत करने के लिए उसका विस्तारीकरण किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गों को पूर्ण रूप से जगह दी जाएगी। बाल आयोग नोटिस मामले पर उन्होंने बाल आयोग पर निशाना साधते हुए कहा कि यह नोटिस गलत दिया गया है और आयोग ने अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाते हुए यह नोटिस भेजा है जिसे खुद आयोग के लीगल एडवाइजर में भी गलत ठहराया है।

### भ्रष्टाचार को छिपा रही है चिकित्सा परिषदः यूकेडी

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड क्रांति दल के केन्द्रीय प्रवक्ता सुनील ध्यानी ने कहा है कि प्रदेश सरकार का आयुष विभाग और भारतीय चिकित्सा परिषद द्वारा सूचना अधिकार अधिनियम के तहत सूचना देने में उलझनों तथ्यों से भ्रम की स्थिति करने तथा सुनियोजित भ्रष्टाचार को छिपा रही हैं।
यहां जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सरकार का आयुष विभाग और भारतीय चिकित्सा परिषद उत्तराखंड सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत सूचना न देने के लिये भ्रामक विषयों को लेकर लटकाना या भ्रम की स्थिति पैदा करना स्पष्ट है कि भारतीय चिकित्सा परिषद उत्तराखंड के अध्यक्ष के संबंध में मांगी गई सूचना देना नही चाहती है। इससे स्पष्ट है कि भारतीय चिकित्सा परिषद उत्तराखंड में व्याप्त अनियमितता, भारतीय चिकित्सा परिषद के अध्यक्ष दर्शन कुमार के भ्रष्टाचार व शैक्षिक, तथा डिग्रियों में कही झोल है इसलिये सूचना देने के लिये इस किया जा रहा है।







**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०-**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।